



## एक नजर में

### योजना के प्रचार के लिए विशेष शिविर आयोजित

आगर मालवा . असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से श्रम कार्यालय आगर मालवा द्वारा उज्जैन रोड स्थित बाबा बैजनाथ हॉस्पिटल में विशेष शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक श्रमिकों को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं ई श्रम कार्ड योजना से लाभान्वित करना रहा. शिविर में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्रमिकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र श्रमिकों का मौके पर ही पंजीयन भी किया गया. बड़ी संख्या में श्रमिकों ने शिविर में भाग लेकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु अपना पंजीयन कराया. शिविर में श्रम पदाधिकारी बीएल राठौर, श्रम निरीक्षक महेंद्र सिंह ठाकुर एवं सीएससी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे. श्रम पदाधिकारी बीएल राठौर ने बताया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, जिनकी मासिक आय 15,000 या उससे कम है आवेदन कर सकते हैं. योजना में श्रमिक द्वारा जमा की जाने वाली मासिक अंशदान राशि के बराबर की राशि केंद्र सरकार द्वारा भी जमा की जाती है. अंशदान राशि आयु के अनुसार लगभग 55 से 200 प्रतिमाह निर्धारित है. 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने के पश्चात लाभार्थी को 3,000 रुपए प्रतिमाह की न्यूनतम सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाती है. कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों द्वारा श्रमिकों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़कर सामाजिक सुरक्षा का लाभ प्राप्त करें.

### 13 वर्ष पुराने मामले में सात साल से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



शाजापुर . मोहन बड़ोदिया पुलिस ने गौवंश संबंधी 13 साल पुराने एक मामले में सात साल से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है. इस आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था. जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने दो दिन उज्जैन में डेरा डाला तब जाकर पुलिस को सफलता मिली. जिसे पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है. इन दिनों पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर जिलेभर में स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में ऑटो चालक सलीम उर्फ मिठिया 40 पिता हबीब खां निवासी ताजपुर हाल मुकाम भैरूनाला उज्जैन की तलाश की जा रही थी. आरोपी पिछले सात वर्षों से फरार था और पुलिस की हर दबिश में अपने ठिकाने से गायब हो जाता था. जिसकी गिरफ्तारी के लिए इस बार पुलिस ने पूरी तैयारी की ओर दो दिन पुलिस टीम ने लगातार उज्जैन में डेरा डाला. मुखबिर से मिली सूचना और साइबर सेल की मदद से आरोपी के ठिकाने का पता लगाया गया. इसके बाद 15 जून को उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया. मंगलवार को आरोपी को मोहन बड़ोदिया थाने से शाजापुर न्यायालय में पेश करने के लिए रवाना किया गया. न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया है. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि अरविंद सिंह तोमर, प्रधान आरक्षक हेमेन्द्र सिंह जादौन, आरक्षक संजय चौहान, आरक्षक शैलेन्द्र शर्मा, आरक्षक अर्जुन सिंह बागड़ी, आरक्षक राहुल कुम्भकार तथा साइबर सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक विकास तिवारी एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

### 200 राजस्व प्रकरण निरस्ती के मामले में सैकड़ों लोग पहुंचे कलेक्टर कार्यालय, किया प्रदर्शन

शाजापुर . तहसील में पिछले आठ महीनों के दौरान बड़ी संख्या में राजस्व प्रकरण निरस्त किए गए हैं. इसके विरोध में मंगलवार को किसान, भू स्वामी, अधिवक्ता, सर्विस प्रोवाइडर और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया. उन्होंने एसएलआर अधिकारी अनामिका आर्य को ज्ञापन सौंपते हुए प्रकरणों की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की. प्रदर्शनकारियों ने उज्जैन संभागायुक्त, शाजापुर कलेक्टर और प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग भोपाल के नाम एसएलआर अधिकारी अनामिका आर्य को ज्ञापन सौंपा. जिसमें पिछले आठ महीनों के दौरान निरस्त किए गए राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कराने की मांग की गई. साथ ही इसमें पद का दुरूपयोग पाए जाने पर संबंधित दोषियों के खिलाफकार्रवाई की भी मांग की गई. ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि तहसीलदार सुनील पाटिल के कार्यकाल में नामांतरण, फौती नामांतरण, बंटवारा, इंद्राज दुरुस्ती, सीमांकन और भूमि अभिलेख सुधार से जुड़े करीब 200 राजस्व प्रकरण निरस्त किए गए. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इससे किसान, व्यापारी और अन्य आवेदक आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से प्रभावित हुए हैं. साथ ही कई मामलों में पटवारी और संबंधित राजस्व अधिकारियों की सकारात्मक रिपोर्ट होने के बावजूद प्रकरण निरस्त कर दिए गए. यही नहीं पंजीकृत रजिस्ट्री और स्टाम्प शुल्क जमा होने के बाद भी नामांतरण के लिए क्रेता और विक्रेता को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए कहा जा रहा है, जिससे लोगों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है. कलेक्टर कार्यालय पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि पिछले आठ महीनों में निरस्त हुए सभी प्रकरणों की जिला या संभाग स्तर पर विशेष समिति गठित कर पुन: समीक्षा कराई जाए. साथ ही यदि जांच में नियमों के उल्लंघन, लापरवाही या पद के दुरुपयोग के तथ्य सामने आते हैं तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए.

### गांव के छात्रों ने की स्कूल बस शुरू करने की मांग



शाजापुर . जिले के ग्राम लड़ावद के विद्यार्थी मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और गांव से स्कूल के लिए बस सेवा शुरू करने की मांग की. विद्यार्थियों ने बताया कि रोज पैदल या निजी वाहन से यहां आना हमारे लिए संभव नहीं है. बस की सुविधा न होने से हमारे घर वाले अब हमारा स्कूल बंद करवाने के बारे में भी विचार कर रहे हैं. कहीं ऐसा न हो कि बहुत देर हो जाए और हमारी पढ़ाई छूट जाए. विद्यार्थियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए गांव तक बस सुविधा उपलब्ध कराने की अपील की. ज्ञापन में विद्यार्थियों ने बताया कि हम छात्र छात्राएं ग्राम लड़ावद के निवासी हैं और वर्तमान में सांदीपनी स्कूल गुलाना में अध्ययनरत हैं. उन्हें रोजाना लड़ावद से बस स्टॉप रिछोंदा तक लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है. इस आवागमन में उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. विद्यार्थियों ने यह भी बताया कि बस सुविधा न होने के कारण विशेष रूप से छात्राओं को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. इस समस्या के चलते कई अभिभावकों ने अपनी बेटियों की पढ़ाई बंद करने पर विचार करना शुरू कर दिया है, जिससे छात्राओं की शिक्षा प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है. छात्र छात्राओं ने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि उनके भविष्य और शिक्षा को ध्यान में रखते हुए ग्राम लड़ावद तक स्कूल बस सेवा उपलब्ध कराई जाए. इससे उन्हें सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन की व्यवस्था मिल सकेगी और किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई बाधित नहीं होगी.

# रंगशाही ने सीएम को परोसा मटमैला पानी, नोटिस जारी

## जिला आबकारी अधिकारी के पास थी खाने की जिम्मेदारी, लैब की रिपोर्ट में दूषित पाया गया पानी

**शाजापुर . आम आदमी को मटमैला पानी मिले, तो कोई बात नहीं, लेकिन जब प्रदेश के मुखिया को ही मटमैला पानी परोस दिया जाए, तो इसे सुरक्षा की चूक कहें या बड़ी लापरवाही. ऐसा ही मामला उजागर हुआ है. पिछले दिनों मुख्यमंत्री मोहन यादव पोलायकलां कार्यक्रम में आए थे. खाने की व्यवस्था के साथ-साथ फूड बास्केट का जिम्मा जिला आबकारी अधिकारी को सौंपा गया था. जो पानी मुख्यमंत्री को उपलब्ध कराया गया था. वो गुणवत्ताहीन था. पीने योग्य नहीं पाया गया. इस संबंध में भोपाल कार्यालय द्वारा आपत्ति ली गई और राज्य अनुसंधान प्रयोगशाला एसआरएल और पीएचई विभाग भोपाल द्वारा पानी के सैंपल की जांच के बाद उसे हाई टर्बिडिटी पाया गया. इसको लेकर कलेक्टर ने जिला आबकारी अधिकारी को नोटिस जारी किया.**

गौरतलब है कि पोलायकलां में पिछले दिनों मुख्यमंत्री मोहन यादव कार्यक्रम में आए थे. कार्यक्रम में वीआईपी के लिए फूड बास्केट एवं पेयजल संबंधी व्यवस्था जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही के जिम्मे थी, लेकिन आबकारी अधिकारी ने जो पानी मुख्यमंत्री को परोसा था, वह दूषित निकला. जिस पर कलेक्टर ने जिला आबकारी अधिकारी को वीआईपी ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी किया.

### भारी लापरवाही आई सामने...

30 अप्रैल 2026 को शाजापुर जिले की तहसील पोलायकलां के सेमली आश्रम में वीआईपी भ्रमण कार्यक्रम के दौरान हैलीपेड पर क्रू मैंबर और वीआईपी की संपूर्ण व्यवस्था और खाने की व्यवस्था के साथ समय-समय पर दिए गए निर्देश अनुसार आदेश किया गया था, लेकिन जो पानी सीएम को उपलब्ध कराया गया, वो दूषित था. जिसकी जांच भोपाल लैब से कराई गई, जिसमें हाई टर्बिडिटी याने मटमैला पानी पाया गया.

### पानी बॉटल का था या खुला...?

जो दूषित पानी मुख्यमंत्री के समक्ष परोसा गया, वो पैक बॉटल का था या खुला हुआ. ये पानी कहां से लिया, किस कंपनी का पानी था, उस पर भी कार्यवाही होना चाहिए. क्योंकि वीआईपी कार्यक्रम के दौरान वो भी मुख्यमंत्री के समक्ष दूषित जल परोसा गया, यह गंभीर चूक का मामला है.

### भोपाल में जांच...

वीआईपी दौरे के दौरान हैलीपेड पर खान-पान की व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही को दी गई थी. इस दौरान जो पानी उपलब्ध कराया गया था, वह गुणवत्ताहीन एवं पीने योग्य नहीं था, जिसकी जांच भोपाल लैब से कराई गई, जो मटमैला पाया गया. कलेक्टर के पत्र पर उज्जैन कमिश्नर ने रंगशाही को नोटिस जारी किया. सितंबर-अक्टूबर 2025 में भी फूड बास्केट नहीं देने पर नोटिस जारी किया गया था.

## 23वीं किश्त का वितरण 20 जून को

**शाजापुर, 16 जून.** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किश्त वितरण का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 20 जून को ताराकेश्वर हूगली, पश्चिम बंगाल से किया जा रहा हैं. पीएम किसान जिला नोडल अधिकारी आलोक वर्मा ने बताया कि 23 वीं किश्त वितरण दिवस को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं. इसके लिए जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व, तहसीलदारों एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को विभिन्न कार्यवाहियां सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है. जिसके अंतर्गत विधायक, सांसद सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिला, ब्लॉक स्तर पर विधिवत आमंत्रित किया जाए. जिला, ब्लॉक स्तर पर प्रोजेक्टर, बड़ी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण किया जाए.

## शिविर में 7180 आवेदनों का निराकरण

**शाजापुर . शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान करने के उद्देश्य से 12 जून से 18 जून की अवधि में जिले के प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालयों पर 3 दिवसीय जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है.**

इसी क्रम में गत दिवस जनपद पंचायत कालापीपल, शुजालपुर एवं नगर निकाय मक्सी व अकोदिया में आयोजित जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया गया. शिविर के दौरान 7180 आवेदनों का निराकरण किया गया. जनपद पंचायत कालापीपल के सीईओ डीआरएस राणा ने बताया कि शासन की 106 प्रकार की सेवाओं के लिए जनकल्याण शिविर में आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं. जनपद पंचायत कालापीपल में इसी क्रम में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य शिविर का भी नि:शुल्क आयोजन किया गया है. जनपद सभाग्रह में ही राष्ट्रीय आजीविका मिशन द्वारा स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई. शिविर में मुख्य रूप से महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य, विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, मध्यप्रदेश विद्युत मंडल, सहकारिता सहित सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे. जनपद सीईओ ने बताया कि शिविर 17 जून तक आयोजित किया जाएगा. इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कालापीपल, शुजालपुर के समस्त विभागों के विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

## प्रेशर के साथ नगरवासियों को मिलेगा पानी, टंकी बनकर तैयार

**शाजापुर . नगर में जल वितरण व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है. इसके लिए पानी की टंकी का निर्माण कर उसकी टेस्टिंग की जा चुकी है. वहीं पाइप लाइन भी बिछाई जा रही है. नपा अधिकारियों की माने तो अगले साल तक पूरे नगर में प्रेशर के साथ पर्याप्त जलापूर्ति की जा सकेगी. साथ ही जिन क्षेत्रों में पाइप लाइन नहीं है वहां पर पाइप लाइन डालकर नलों से पानी पहुंचाया जाएगा. इसके लिए लगातार कार्य किया रहा है.**

अमृत 2 योजना के तहत 15 करोड़ रुपए की लागत से नगर में लालघाटी और नगर पालिका कार्यालय परिसर में पानी की टंकी का निर्माण, नगर में 12 किमी की पाइप लाइन और लालघाटी पर इंटकवेल का निर्माण किया जा रहा है. इसमें से नगर पालिका कार्यालय परिसर में पानी की टंकी का निर्माण लगभग पूर्ण हो गया है. गत दिनों इस टंकी की टेस्टिंग भी की जा चुकी है. बताया गया कि आगामी एक डेढ़ माह में इस पानी की टंकी को प्रारंभ कर दिया जाएगा. जिससे नगर के बाजार वाले क्षेत्र में जल वितरण की व्यवस्था में सुधार हो जाएगा और नलों से प्रेशर से पानी मिलने लगेगा.

**8 साल से बंद पड़ी 4 टंकियों में से तीन को किया शुरू**

नपा के अनुसार नगर में करीब 8 वर्ष से बनकर तैयार खड़ी 4 पानी की टंकियों में से तीन टंकियों को प्रारंभ किया जा चुका है. अब नगर पालिका कार्यालय परिसर में नवनिर्मित टंकी के साथ ही पूर्व में वार्ड क्रमांक 10 में बनाई हुई पानी की टंकी को एक साथ प्रारंभ किया जाएगा. जिससे करीब आधे नगर में पानी की सप्लाई पूरे प्रेशर के साथ हो पाएगी.

**बार बार पाइप लाइन फूटने से आई परेशानी**

जानकारी के अनुसार नगर में जारी शहरी फोरलेन के निर्माण के कारण कई बार पाइप लाइन फूटने की परेशानी आ चुकी है. ऐसे में नपा का टंकियों को प्रारंभ कर जल वितरण का कार्य प्रभावित हो रहा है. कई बार इस कार्य को पूर्ण करने में परेशानी भी आई है. हालांकि अब नपा के अनुसार एक डेढ़ माह में दोनों पानी की टंकी को प्रारंभ कर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा. जिससे नगर में जल संकट की स्थिति नहीं बनेगी.

**इनका कहना है**

*अमृत 2 योजना के तहत नपा कार्यालय परिसर में बनी पानी की टंकी की टेस्टिंग हो चुकी है. इस टंकी के साथ ही पूर्व में वार्ड 10 में बनी पानी की टंकी को प्रारंभ किया जाएगा. इससे नगर में जल वितरण की व्यवस्था सुधर जाएगी. वहीं सभी जगह पाइप लाइन बिछाने का कार्य भी जारी है.*

*-प्रेम जैन, अध्यक्ष, नगर पालिका शाजापुर*

### ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**शुजालपुर .** शहर से भीलखेडी होते हुए कालापीपल जाने वाले मार्ग को भीलखेडी निवासी ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह जाम कर दिया. मार्ग को अवरूद्ध करने वाले ग्रामीणों की गांव के अंदर पहुंचने वाले मार्ग की परेशानी है और इसी के चलते उन्होंने कालापीपल रोड को अवरूद्ध कर दिया, जिसके चलते लगभग दो घंटे तक इस मार्ग पर आवागमन बाधित रहा और वाहनों की लम्बी कतारें लग गई. बताया जाता है कि भीलखेडी गांव में जामनेरी नदी के ऊपर बने बडे पुल के कारण पुराना परम्परागत मार्ग जो कि गांव में जाता था वह बंद हो गया. पुल बनने से सड़क की ऊंचाई बढ़ गई, जिसके चलते गांव की लगभग आधी आबादी के सामने आवागमन की परेशानी खडी हो गई.

## घर में लगी आग से लाखों का नुकसान

**शाजापुर . नगर के सोमेश्वर मार्ग स्थित एक घर में दोपहर में ही अचानक आग लग गई. देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया और घर का सामान जलकर राख हो गया. गनीमत रही कि जहां यह हादसा हुआ वहां उस समय कोई मौजूद नहीं था जिससे हादसे में कोई जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन घर में रखा सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया.**

घटना दोपहर करीब 12 बजे की है. आग इतनी तेजी से फैली कि क्षेत्र में धुआं फैल गया, जिससे आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और अफरा तफरी मच गई. सामेश्वर मार्ग निवासी अशोक शर्मा के यहां हुए इस हादसे में घर की टीवी, फ्रीज, पंखा, पलंग सहित अन्य सामान इस आग की घटना की भेंट चढ़ गया. अशोक शर्मा ने बताया कि वे उस समय घर पर नहीं थे. आग कैसे लगी इस बारे में भी किसी को कोई जानकारी नहीं है.

**धुंआ उठता देखा दौड़े पड़ोसी, बुलाई फायर ब्रिगेड**

घर से धुआं और आग की लपटें उठती देख आसपास रहने वाले लोगों ने तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम और डायल 112 के पायलट कमलेश तथा आरक्षक निलेश मौके पर पहुंचे. टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. हालांकि जब तक आग बुझाई गई तब तक घर का अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था. प्रारंभिक तौर पर आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है. घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है.

**लगातार हो रही आग लगने की घटनाएं**

भीषण गर्मी का दौर शुरू होते ही नगर सहित जिले भर में आगजनी की घटनाओं में वृद्धि हुई है. अप्रैल से मई माह में ही नगर में आधा दर्जन से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं. तो हाईवे पर भी दो बसों में आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं. मंगलवार को भी हुई इस घटना में मकान मालिक को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा.

## स्कूल चलें हम अभियान का दूसरा प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आज

### कलेक्टर ने अधिकारियों को बांटी शालाएं, दिए निर्देश

**शाजापुर . राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार अनुसार स्कूल चलें हम अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत 16 जून को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. इसके लिए कलेक्टर ऋजु बाफना ने अधिकारियों को शालाएं आवंटित की हैं.**

कलेक्टर ने शालाओं में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम द्वितीय चरण अंतर्गत कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 16 जून को विभिन्न शालाएं आवंटित कर शालाओं में उपस्थित होने के लिए 59 अधिकारियों की ड्यूटी लगाई हैं. जो आवंटित शाला में उपस्थित होकर एक कालखण्ड अध्यापन कार्य कराएंगे एवं विद्यार्थियों को अपने अनुभवों से अवगत कराते हुए बेहतर भविष्य गढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे. उपस्थित अधिकारी इस दौरान विद्यार्थियों को शाला उपयोग की वस्तुएं जैसे पेन, पेंसिल, मोम कलर, कलर बाक्स, ज्योमेट्रिक बॉक्स, स्टेशनरी आदि तथा विभिन्न खेलकूद सामग्री भी भेंट कर सकते हैं.

## जीआरपी चौकी में वॉटर हार्वेस्टिंग कार्य पूर्ण



**मक्सी . अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रेल भोपाल के निर्देशों के पालन में जीआरपी चौकी मक्सी भवन परिसर में वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य संपन्न कराया गया.**

जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्य कराया गया है. संबंधित अधिकारियों द्वारा कार्य पूर्ण होने के बाद इसकी फोटो एवं वीडियो रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित की गई. इस पहल से वर्षा जल के संरक्षण में मदद मिलेगी तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा.

### सीईओ जिला पंचायत ने ली समीक्षा बैठक

**आगर मालवा, 16 जून.** समान नागरिक संहिता के संबंध में जन परामर्श एवं सुझाव प्रक्रिया निरंतर जारी है. नागरिक अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार 22 जून तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से दर्ज कर सकते हैं.नागरिक अपने सुझाव सीधे पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं. इसी क्रम में जिपं सीईओबीएस सोलंकी द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई. बैठक में उन्होंने यूसीसी से संबंधित जन जागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक नागरिकों से सुझाव प्राप्त करने के निर्देश दिए. सीईओ जिला पंचायत ने स्पष्ट किया कि सभी विभाग प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि उनके विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी निर्धारित पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपने सुझाव दर्ज करें.


## विद्युत पोल से 20 लाख के एल्यूमिनियम के तार चोरी

**मक्सी . मक्सी के सिरोलिया रोड स्थित अंडरब्रिज के पास अज्ञात चोरों ने विद्युत परियोजना में उपयोग किए जा रहे करीब 20 लाख रुपए मूल्य के एल्यूमिनियम के तार की चोरी कर लिए. चोरी की इस घटना से निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है.**

जानकारी अनुसार, एमपीआईडीसी की विद्युत लाइन परियोजना के तहत फेस-2 मक्सी इंडस्ट्रियल एरिया के लिए विद्युत लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है. इस कार्य का जिम्मा आरआर एंड संस कंपनी के पास है. कंपनी से जुड़े ठेकेदार आत्माराम मालवीय आरके इलेक्ट्रिकल्स ने बताया कि सिरोलिया रोड अंडरब्रिज के पास अज्ञात बदमाशों ने लाइन में लगी करीब आठ से दस गाले एल्यूमिनियम के तार काटकर चोरी कर ली. चोरी गई तार की लंबाई लगभग एक किलोमीटर बताई जा रही है. ठेकेदार के अनुसार पूरी लाइन करीब 11 किलोमीटर लंबी है और कार्य अभी निर्माणाधीन है. मंगलवार सुबह करीब 8 बजे घटना की जानकारी उस समय लगी, जब क्षेत्र के एक किसान ने फोन कर बताया कि विद्युत तार लटके हुए दिखाई दे रहे हैं. मौके पर पहुंचकर देखा गया, तो तार चोरी होना सामने आया.

**मक्सी थाने में की शिकायत**

चोरी गए एल्यूमिनियम तार की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपए बताई जा रही है. घटना की सूचना संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है.आरआर एंड संस कंपनी की ओर से मंगलवार को मक्सी थाने में



लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई है. पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है. लाखों रुपए की तार चोरी होने की घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

**एक नजर में** — कितना उचित है एक पुलिसकर्मी का सार्वजनिक रूप से आम आदमी के साथ गाली-गलौज करना

# कलेक्टर कार्यालय में चिल्ला-पुकार करने वाले पर पुलिस की गालियों की बौछार

**शाजापुर . प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में पोलायकलां का एक व्यक्ति जमीन विवाद को लेकर शिकायती पत्र लेकर पहुंचा था. लेकिन इसी बीच उक्त आदमी ने एसडीएम कार्यालय के बाहर कलेक्टर-एसपी के खिलाफ जमकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया. यहां तक कि कलेक्टर को आतंकी और एसपी को गुंडा तक बोल दिया. इसी बीच एक पुलिसकर्मी ने उक्त आदमी के ऊपर डंडा उठाते हुए अश्लील गालियों की बौछार कर दी. क्या एक पुलिसकर्मी द्वारा सार्वजनिक रूप से किसी व्यक्ति को गाली देना उचित है.**

### क्या पुलिस को सार्वजनिक रूप से गाली देने की छूट है

जमीन विवाद को लेकर पोलायकलां निवासी शरद शर्मा ने पहले कलेक्टर, एसपी के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया. लेकिन वहीं लालघाटी थाने में पदस्थ एक पुलिसकर्मी ने सभी मर्यादाओं को तोड़ते हुए अश्लील गालियों की झड़ी लगा दी और उक्त आदमी को मारने के लिए लठ उठाया. अब देखना है कि पुलिसकर्मी द्वारा दी गई गाली पर क्या कार्यवाही की जाती है. साथ ही कलेक्टर-एसपी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर पोलायकलां निवासी शरद शर्मा पर भी क्या कार्यवाही होती है.



गौरतलब है कि जनसुनवाई के दौरान भूमि सीमांकन विवाद से परेशान एक व्यक्ति ने कलेक्टर कार्यालय में हंगामा किया. उसे समझाइश के बाद परिसर से बाहर कर दिया. पोलायकलां निवासी शरद कुमार शर्मा ने अधिकारियों द्वारा शिकायत की अनदेखी करने और गलत सीमांकन करने के गंभीर आरोप लगाए. उक्त किसान का दावा है कि भूमि सर्वे क्रमांक 4446/3 के सीमांकन में राजस्व अमले ने हेराफेरी की. जिस कारण उसकी भूमि पर विवाद की स्थिति निर्मित हुई. फरियादी 2019 से लगातार कलेक्टर कार्यालय में अपनी शिकायत लेकर चक्कर काट रहा है. जब उसकी सुनवाई नहीं हुई, तो कलेक्टर परिसर के बाहर उक्त आदमी ने एसपी और कलेक्टर पर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया. जिसे देखकर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ने अश्लील गालियां दी और उक्त आदमी को मारने के लिए लठ उठा लिया.

**इनका कहना है**

*संबंधित आवेदक लगातार गलत शिकायत कर रहा है. जिस जमीन की वो मांग कर रहा है, उस पर सरकारी भवन बन चुका है. पुलिसकर्मी द्वारा दी गई अश्लील गालियों की जांच कराई जा रही है. यदि किसी भी पुलिसकर्मी ने गाली दी होगी, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी.*

*- यशपाल सिंह राजपूत, एसपी-शाजापुर*